# कार्यालय अधिष्ठाता : नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर

**क्रमांक / नर्सिंग / 22 / 12220** **जबलपुर, दिनांक 23.12.2022**

## ................... विज्ञप्ति ...................

संचालक, संचालनालय चिकित्सा शिक्षा, 6वी. मंजिल सतपुड़ा भवन भोपाल के पत्र क्रं. /.3083–89/स्था/नर्सिंग/2022 भोपाल दिनांक 19/12/2022 के निर्देशानुसार अधिष्ठाता नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर के अंतर्गत संचालित शासकीय नर्सिंग कॉलेज, नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में **एम.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम सत्र 2021–22** हेतु आवेदन आमंत्रित है। उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश ऑफलाइन लिखित परीक्षा के माध्यम से लिया जायेगा। उक्त पाठ्यक्रम में आवेदन करने हेतु शासकीय (चिकित्सा शिक्षा विभाग/स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत कार्यरत) एवं प्राइवेट अभ्यर्थी दिनांक 26/12/2022 से 05/01/2023 तक शाम 5:00 बजे तक उचित माध्यम से (डाक अथवा स्वयं उपस्थिति) संलग्न आवेदन प्रारूप भरकर निर्धारित आवेदन शुल्क (रूपये 1000/–) के डिमाण्ड ड्राफ्ट (**Dean N etaji Subhash Chandra Bose Medical College Jabalpur** के नाम से) एवं चैक लिस्ट अनुसार मूल दस्तावेज की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ कार्यालीन दिवसों में समय प्रातः 10:30 से 5:00 बजे तक कार्यालय प्राचार्या शासकीय नर्सिंग कॉलेज नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर(नर्सेस हॉस्टल) में जमा करें। आवेदन पत्र का प्रारूप, चैक लिस्ट एवं उपरोक्त भर्ती कीं जानकारी, संलग्न है।

| क्र. | पाठ्यक्रम | आवेदन करने की प्रारंभिक तिथी | आवेदन करने की अंतिम तिथी | परीक्षा की दिनांक | परीक्षा का समय(02 घंटे) | योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एम.एस.सी. नर्सिंग | 26/12/2022 | 05/01/2023 | 23/01/2023 | प्रातः 11 बजे से 01 बजे तक | बी.एस.सी. नर्सिंग अथवा पोस्ट बेसिक बी.एस.सी नर्सिंग उत्तीर्ण |

नोटः–

- उक्त प्रवेश प्रकिया से संबंधित नियम शर्ते, स्क्रूटनी तिथि, पात्र उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन, लिखित प्रवेश परीक्षा की मेरिट सूची का प्रकाशन, परीक्षा परिणाम घोषित तिथि एवं काउंसलिग तिथि, प्रवेश सुनिश्चित की तिथि एवं सीट संख्या का ब्यावरा महाविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध रहेगा जिसका अवलोकन अनिवार्य रूप से करें।
- महाविद्यालय की वेबसाईट का अनिवार्य रूप से अवलोकन के पश्चात ही आवेदन पत्र प्रस्तुत करें।
- आवेदन कर्ता आवेदन पत्र प्रारूप के अनुसार स्पष्ट रूप से आवेदन पत्र के साथ चाही गई जानकारी पूर्ण एवं सही भरे। अपूर्ण जानकारी भरे गये आवेदन पत्र मान्य नहीं किये जायेंगे।

प्राचार्या
शासकीय नर्सिंग कॉलेज,
नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर

Principal
Govt. Nursing College
N.S.C.B., Jabalpur (M.P.)

23/12/22
अधिष्ठाता
नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज
जबलपुर

Dean
N.S.C.B. Medical College
Jabalpur (M.P.)

# एम.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यकम 2021–22 में प्रवेश हेतु आवश्यक दिशा – निर्देश

शासकीय नर्सिंग कॉलेज, नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में एम.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यकम सत्र 2021–22 हेतु आवेदन आमंत्रित है। उक्त पाठ्यकम में प्रवेश ऑफलाइन लिखित परीक्षा के माध्यम से लिया जायेगा। उक्त पाठ्यकम में आवेदन करने हेतु शासकीय (चिकित्सा शिक्षा विभाग/स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत कार्यरत) एवं प्राइवेट अभ्यर्थी दिनांक 26/12/2022 से 05/01/2023 तक शाम 5:00 बजे तक उचित माध्यम से (डाक अथवा स्वयं उपस्थिति) संलग्न आवेदन प्रारूप भरकर निर्धारित आवेदन शुल्क (रूपये 1000/–) के डिमाण्ड ड्राफ्ट (**Dean N etaji Subhash Chandra Bose Medical College Jabalpur** के नाम से) एवं चैक लिस्ट अनुसार मूल दस्तावेज की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ कार्यालीन दिवसों में समय प्रातः 10:00 से 5:00 बजे तक कार्यालय प्राचार्या शासकीय नर्सिंग कॉलेज नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर(नर्सेस हॉस्टल) में जमा करें।

| क्र. | पाठ्यकम | आवेदन करने की प्रारंभिक तिथी | आवेदन करने की अंतिम तिथी | परीक्षा की दिनांक | परीक्षा का समय(02 घंटे) | योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एम.एस.सी. नर्सिंग | 26/12/2022 | 05/01/2023 | 23/01/2023 | प्रातः 11 बजे से 01 बजे तक | बी.एस.सी. नर्सिंग अथवा पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग उत्तीर्ण |

शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में एम.एस.सी. नर्सिंग 02 वर्षीय पाठ्यकम हेतु भारतीय उपचर्या परिषद नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत 36 सीट्स में चयन हेतु प्रवेश प्रकिया निम्नानुसार होगीः–

1. भारतीय उपचर्या परिषद नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थाओं से निर्धारित बी.एस.सी. नर्सिंग 04 वर्ष पाठ्यकम उत्तीर्ण या पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग दो वर्षीय पाठ्यकम उत्तीर्ण और भारतीय उपचर्या परिषद नई दिल्ली क्षरा मान्यता प्राप्त स्टडी सेंटर (इग्नू) से पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग दो वर्षीय पाठ्यकम उत्तीर्ण के आधार पर ऑफलाईन लिखित प्रवेश परीक्षा निर्धारित तिथि 23/01/2023 को शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में आयोजित की जावेगी।

## 2. प्रवेश प्रकिया

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदन जमा करने की अवधि | दिनांक 26/12/2022से 05/01/2023 |
| 2. | प्रवेश परीक्षा हेतु योग्य उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन | दिनांक 16/01/2023 |
| 3. | संस्था स्तर पर आयोजित लिखित परीक्षा | दिनांक 23/01/2023<br>समय : दोपहर 11.00 बजे से 1.00 बजे तक |
| 4. | परिणाम एवं मेरिट लिस्ट प्रकाशन की संभानित तिथि | दिनांक 30/01/2023 |
| 5. | प्रवेश हेतु काउंसलिंग | दिनाक 06/02/2023 से 08/02/2023 |
| 6. | प्रवेश प्रकिया | 15/02/2023 |

- ऑफलाइन लिखित प्रवेश परीक्षा का परिणाम महाविद्यालयकी वेबसाइट पर प्रकाशित किया जायेगा अतः वेबसाइट का अवलोकन करते रहे।
- उक्त पाठ्यकम में प्रवेश प्रकिया से संबंधित समस्त जानकारी चिकित्सा महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी जिसका अवलोकन आवेदक अनिवार्य रूप से निरंतर करते रहें। पृथक से समाचार पत्रो अथवा व्यक्तिगत डाक अथवा ई मेल आदि के माध्यम से जानकारी प्रदाय नहीं की जायेगी।

3. प्रवेश परीक्षा – लिखित प्रवेश परीक्षा संस्था स्तर पर संचालित की जायेगी।

4. शैक्षणिक योग्यता – बी.एस.सी. नर्सिंग( 04वर्षीय )/पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.नर्सिंग उत्तीर्ण ( 02वर्षीय ) पाठ्यक्रम न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण )

5. आयु सीमा – अधिकतम 45 वर्ष (परीक्षा हेतु जमा किये जाने वाले आवेदन के अंतिम तारीख तक मान्य होगी।)

स्पष्टीकरणः–आयु सीमा की गणना करते समय उच्चतर माध्यमिक शिक्षा मंडल का प्रमाण–पत्र (10वीं) की अंकसूची में जो जन्मतिथि अंकित होगी उसे ही मान्य किया जायेगा। अन्य दस्तावेजों को प्रमाण–पत्र के रूप में मान्य नहीं किया जावेगा।

6. प्रवेश हेतु पात्रता की शर्ते–

- जो भारत का नागरिक हो।
- मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार मध्यप्रदेश का मूल निवासी हो।
- मध्यप्रदेश नर्सेस काउंसिल से जीवित रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।
- बी.एस.सी. नर्सिंग उत्तीर्ण करने के उपरांत शासकीय नर्सिंग उम्मीदवार 05 वर्ष का कार्यानुभव एवं प्रायवेट उम्मीदवार को 01 वर्ष का कार्यानुभव होना अनिवार्य है।
- प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण हेतु अनारक्षित श्रेणी (सामान्य एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग)के लिए 50 प्रतिशत एवं आरक्षित श्रेणी (ओ.बी.सी., एस.सी. एवं एस.टी. )के लिए 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।
- पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शासकीय एवं निजी महिला नर्सिंग उम्मीदवार समान रूप से भाग ले सकते हैं।
- शासकीय उम्मीदवार आवेदन करते समय संबंधित विभाग से अनुमति प्राप्त कर आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करें।
- मेरिट सूची के आधार पर प्रवेश हेतु चयनित शासकीय सेवारत उम्मीदवार द्वारा दस्तावेज सत्यापन के समय संबंधित विभाग से सत्र 2021–22 हेतु अनापत्ति पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा। अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करने के उपरांत ही प्रवेश मान्य किया जायेगा।
- प्रवेश हेतु शासकीय संस्था (मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग व स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग ) के अंतर्गत कार्यरत महिला उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जायेगी। शासकीय उम्मीदवार उपलब्ध न होने की दशा में निजी उम्मीदवार को मेरिट अनुसार प्रवेश दिया जायेगा।
- प्रवेशित प्राप्त छात्राओं को किसी भी प्रकार का स्टायफंड व अन्य किसी भी प्रकार का वित्तीय लाभ नही दिया जाएगा। स्वयं के व्यय पर उक्त प्रशिक्षण पूर्ण करना होगा।
- शासकीय उम्मीदवार को पाठ्यक्रम पूर्ण होने के उपरांत 5 वर्ष की शासकीय सेवा देने के लिए 3 अनुबंध पत्र देना अनिवार्य है।
- संस्थाएं जैसे पत्राचार भोज विश्वविद्यालय से पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग किये गये अभ्यर्थियों को प्रवेश की पात्रता नहीं होगी, इग्नू ओपन यूनिवर्सिटी (आई.एन.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थाओं) से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को पात्रता होगी।
- प्रवेश के समय एवं प्रशिक्षण के दौरान गर्भधारण करना अमान्य रहेगा।

7. एम.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यकम प्रवेश सत्र 2021–22 का भारतीय उपचर्या परिषद नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत सीट के आधार पर विषयवार सीट आवंटन निम्नानुसार है :–

| क. | पाठ्यकम | कुल सीट (आई.एन.सी. द्वारा स्वीकृत) |
|---|---|---|
| I. | ओबस्टिटिक एवं गायनिक नर्सिंग | 08 |
| II. | मेडीकल सर्जिकल नर्सिंग | 16 |
| III. | मेंटल हेल्थ नर्सिंग | 04 |
| IV. | चाइंल्ड हेल्थ नर्सिंग | 04 |
| V. | कम्युनिटी हेल्थ नर्सिंग | 04 |
| कुल सीट | | 36 |

8. स्वीकृत सीटों को वर्गवार सीट आवंटन निम्नानुसार है :–

| क. | पाठ्यकम | कुल सीट (आई.एन.सी. द्वारा स्वीकृत) | UR | EWS | OBC | SC | ST |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| I. | ओबस्टिटिक एवं गायनिक नर्सिंग | 08 | 02 | 01 | 02 | 01 | 02 |
| II. | मेडीकल सर्जिकल नर्सिंग | 16 | 05 | 02 | 04 | 02 | 03 |
| III. | मेंटल हेल्थ नर्सिंग | 04 | 01 | – | 01 | 01 | 01 |
| IV. | चाइंल्ड हेल्थ नर्सिंग | 04 | 01 | – | 01 | 01 | 01 |
| V. | कम्युनिटी हेल्थ नर्सिंग | 04 | 01 | – | 01 | 01 | 01 |

9. सीटों का आरक्षण :– एम.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यकम में प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग(कीमीलेयर को छोड़कर) एवं आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग श्रेणी में उपलब्ध सीटों पर आरक्षण शासन द्वारा तत्समय लागू विभिन्न श्रेणियों हेतु लागू आरक्षण के आधार पर होगी।

10. एम.एस.सी. नर्सिंग हेतु शुल्क का विवरण –

10.1 ट्यूशन फीस रूपये 35000/– प्रतिवर्ष ( रूपये पैतीस हजार मात्र)

10.2 कॉशनमनी रूपये 1000/– एक बार ( रूपये एक हजार मात्र)

10.3 कम्यूटर फीस रूपये 5000/– एक बार ( रूपये पांच हजार मात्र)

10.4 हॉस्टल फीस रूपये 6000/– प्रतिवर्ष ( रूपये छः हजार मात्र) एच्छिक, कमरे उपलब्ध होने पर

10.5 लायब्रेरी फीस रूपये 2500/– एक बार ( रूपये दो हजार पांच सौ मात्र)

10.6 ट्रान्सपोर्ट फीस रूपये 3000/– प्रतिवर्ष ( रूपये तीन हजार मात्र)

इसी प्रकार कुल शुल्क रूपये 52,500/– (शब्दों में रूपये बावन हजार पांच सौ मात्र)

10.7. प्रशिक्षण शुल्क एक बार जमा हो जाने के बाद किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जायेगा परन्तु प्रवेश प्रकिया के दौरान किसी भी उम्मीदवार को अपना प्रवेश निरस्त करना है तो नियमानुसार 10 प्रतिशत जमा शुल्क की कटौत्री कर प्रशिक्षण शुल्क वापस की जा सकेगी एवं प्रशिक्षण सत्र के बीच में प्रवेश प्राप्त छात्रा प्रवेश निरस्त कराती है तो उसे शेष पाठ्यकम की फीस भी जमा करना अनिवार्य होगा।

10.8 शासन द्वारा फीस वृध्दि होने पर स्वीकृत फीस देय होगी इस हेतु प्रवेश के समय फीस वृध्दि का सहमति शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा एवं छात्रावास में कमरा उपलब्ध होने पर ही छात्रावास में कमरे की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

11. चयन प्रकियाः— शासकीय नर्सिंग कॉलेज नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में एम.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम में चयन हेतु ऑफलाइन लिखित प्रवेश परीक्षा दिनांक 23/01/2023 को आयोजित की जायेगी। उक्त परीक्षा के आधार पर उम्मीदवारों की प्रावीण्य सूचियां वर्गवार तैयार की जायेगी।

12. प्रवेश प्रकियाः— शासकीय नर्सिंग कॉलेज नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर की वेबसाईट में लिखित प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर मेरिट सूची के आधार पर ऑफलाईन निम्न अनुसार काउंसलिंग आयोजित प्रवेश प्रकिया पूर्ण की जावेगी। काउंसलिंग ऑफलाइन के माध्यम से दिनांक 06/01/2023 से दिनांक 08/01/2023 तक महाविद्यालय के स्तर पर आयोजित की जावेगी। परीक्षा के उपरान्त मेरिट सूची के आधार पर चयनित उम्मीदवारों के प्रवेश प्रकिया के दौरान मूल दस्तावेजों का सत्यापन किया जायेगा तत्पश्चात् योग्य उम्मीदवारों को पाठ्यकम हेतु प्रवेश दिया जायेगा।

13. दस्तावेज सत्यापन के समय चयनित उम्मीदवार को सिविल सर्जन द्वारा प्रमाणित मेडीकल प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

14. प्रवेश रद्द करनाः— यदि यह पाया गया कि कोई उम्मीदवार संस्था में झूठी/गलत सूचना देकर, असंगत तथ्यों को छुपाकर प्रवेश पा लेने में सफल हो गया है या प्रवेश के पश्चात किसी भी समय यह पाया गया कि उम्मीदवारों को किसी गलती या चूक वश प्रवेश मिल गया है तो उम्मीदवार को दिया गया प्रवेश संस्था द्वारा उसके प्रशिक्षण काल के दौरान तुरंत बिना सूचना के रद्द किया जायेगा। प्रवेश संबंधी किसी भी विवाद में राज्य शासन/संचालक चिकित्सा शिक्षा संचालनालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा।

15. नियमों/प्रवेश प्रकिया में संशोधन का अधिकारः— म.प्र. राज्य शासन/ संचालक चिकित्सा शिक्षा संचालनालय, भोपाल को प्रवेश के किसी भी नियम/ प्रकिया में किसी भी समय संशोधन करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।

16. एम.एस.सी. नर्सिंग प्रवेश हेतु ऑफलाईन लिखित प्रवेश परीक्षा में किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

# आवेदन का प्रारूप 2021–22

## एम.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु

पासपोर्ट

साईज

फोटो

नोटः– सभी जानकारी आवेदक द्वारा पूर्ण की जावे।

प्रति,

प्राचार्या

शा.नर्सिंग कॉलेज ने.सु.च.बो. मेडिकल कॉलेज जबलपुर

पाठ्यक्रम ..................................................

(जिस पाठ्यक्रम के लिए आवेदन करना हो )

आवेदन शुल्क समस्त श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु –रूपये 1000/– का डिमाण्ड ड्राफ्ट **Dean Netaji Subhash Chandra Bose Medical College Jabalpur** के नाम से देय होगा।

1. डिमाण्ड ड्राफ्ट कमांक ......................................दिनांक ...................रूपये.......................
2. आवेदक का पूरा नाम (उपनाम सहित)..................................................
3. पिता/पति का नाम (उपनाम सहित) ........................................................
4. जन्मतिथि ..............................................................
5. आयु दिनांक 01.01.2022 के अनुसार वर्ष .......................माह......................दिन...............................
   (सत्यापन हेतु प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें।)
6. कार्यअनुभव – ................................(कार्यअनुभव प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करें)
7. वर्तमान पदस्थापना स्थल.........................................................................
8. शासकीय कर्मचारी (DME)/ शासकीय कर्मचारी (DHS) / प्राईवेट कर्मचारी..............................
9. वर्तमान निवास स्थान का पता (पिन कोड सहित).............................................................
   ...............................................................................................
   ...............................................................................................
   ..............
10. स्थाई निवास स्थान का पता (पिन कोड सहित)...........................................................
    ...............................................................................................
    ...............................................................................................
11. मोबाईल नं ..........................................................ईमेल आई.डी..........................................
12. आधार नं ...............................................................................................

13. वर्गः अनारक्षित(UR)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग(EWS)/ अन्य पिछड़ा वर्ग(OBC)/अनुसूचित जाति(SC)/अनुसूचित जनजाति(ST)/ ......................................

(आरक्षित श्रेणी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।)

14. शैक्षणिक योग्यताएं :-(प्रमाण-पत्र एवं अंकसूचि की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।)

| क्र. | परीक्षा का नाम | संस्था /बोर्ड/विवि का नाम | वर्ष | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

15. समस्त आवश्यक दस्तावेज की स्वप्रमाणित छायाप्रति (विज्ञप्ति के अनुसार) आवेदन के साथ संलग्न करें।

16. आवेदन की अंतिम तिथि(विज्ञप्ति के अनुसार) होगी।

स्थानः- ................................................

आवेदन का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर

मैं .....................................................................प्रमाणित करता/करती हूं कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्ण एवं सत्य है। जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा।

आवेदन का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर

- नोटः- महाविद्यालय की वेबसाइट पर जारी विज्ञप्ति अनुसार अपना आवेदन पूर्ण कर प्रस्तुत करे।
- आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त EWS प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें।

# एम.एस.सी. नर्सिंग 2021–22

आवेदन फार्म के साथ स्वप्रमाणित कर संलग्न किये जाने वाले आवश्यक दस्तावेज की सूचि/चैक लिस्ट

पाठ्यक्रम– ...............................................

छात्रा का नाम – ...........................................................................

श्रेणी(UR/EWS/OBC/SC/ST)– ..............................................................................

स्कूटनी दिनांक .............................................................................................

| क. | आवश्यक दस्तावेज | जमा के लिये (yes) नही के लिए (no) |
|---|---|---|
| 1. | 10वी उत्तीर्ण मार्कशीट की प्रति | |
| 2. | 12 वी उत्तीर्ण मार्कशीट की प्रति | |
| 3. | बी.एस.सी./पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग उत्तीर्ण अंकसूची की प्रति | |
| 4. | म.प्र.नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल का जीवित रजिस्ट्रेशन की प्रति | |
| 5. | म.प्र.नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल का डिप्लोमा की प्रति | |
| 6. | संबंधित विभाग से प्राप्त अनुमति की प्रति | |
| 7. | मूल निवास प्रमाण पत्र की प्रति | |
| 8. | जाति प्रमाण पत्र की प्रति (लागू हो तो) | |
| 9. | मूल मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र सिविल सर्जन द्वारा प्रमाणित | |
| 10. | चरित्र प्रमाण पत्र की प्रति | |
| 11. | स्थानान्तरण प्रमाण पत्र की प्रति | |
| 12. | पासपोर्ट फोटो – 2 प्रति | |
| 13. | कार्यानुभव प्रमाणपत्र की प्रति | |
| 14. | शपथ–पत्र विवाहित होने का | |

दिनांक ......................                                        आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर

प्रमाणित किया जाता है कि अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किये गये अभिलेखों प्रमाण पत्रों की जांच की गई है । सत्यापन के पश्चात अभ्यर्थी आवंटित सीट पर प्रवेश के लिए पात्र है।

अथवा

निम्न अभिलेखों प्रमाण–पत्र प्रस्तुत नहीं करने के कारण/या अन्य कारणों से आवंटित सीट पर प्रवेश के लिए अपात्र है।

1.................................................

2...........................................................................

3...........................................................................

प्रवेश समिति/स्कूटनी अधिकारी हस्ताक्षर

नाम :

पदनाम

दिनांक